दिनांक 22 फरवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

टैक्स वसूली को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक , निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत वसूली करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 के टैक्स वसूली के लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज सोमवार को निगम सभागार में बैठक ली! उन्होंने संपत्तिकर , समेकितकर, जलकर, विज्ञापन कर, यूजर चार्ज, सेवा शुल्क, शिक्षा उपकर की वसूली के साथ ही विभिन्न माध्यमों से होने वाले आय के बारे में समीक्षा की! बैठक में उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं नरेंद्र कुमार बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी, स्पैरो प्रा. सॉ. लिमिटेड के कर्मचारी उपस्थित रहे! आयुक्त श्री रघुवंशी ने टैक्स वसूली के प्रदाय लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत टैक्स कलेक्शन के निर्देश दिए! टैक्स वसूली को लेकर हर एजेंडे पर चर्चा की गई! जोनवार संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, भू भाटक, जलकर, विज्ञापन कर, यूजर चार्ज, मांग एवं वसूली का विवरण , वार्डवार कुल नल कनेक्शनों की संख्या , वार्डवार वैध-अवैध नल कनेक्शनों की संख्या , वार्डवार नियमितीकरण किए गए नल कनेक्शनों की संख्या एवं वसूली, वार्डवार विच्छेद किए गए नल कनेक्शनों की संख्या, वार्डवार लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली एवं ई गवर्नेंस परियोजना अंतर्गत विभिन्न मॉड्यूल के डाटा एंट्री के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई! आयुक्त ने जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों को टैक्स कलेक्शन के लिए स्पैरो से समन्वय बनाकर काम करने तथा टैक्स वसूली के लिए अपने-अपने क्षेत्रों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए है, खासकर उन्होंने जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर एवं जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर क्षेत्र में टैक्स वसूली को लेकर नाराजगी जताई, उन्होंने इस जोन के आयुक्त एवं ए.आर.ओ. को टैक्स वसूल की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए! प्रत्येक जोन क्षेत्र के टैक्स वसूली की बारी-बारी से समीक्षा की गई! निगमायुक्त ने स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड को ऑनलाइन पेमेंट को बढ़ावा देने तथा डोर टू डोर टैक्स कलेक्शन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं! बैठक में मार्च माह के पूर्व संपूर्ण वसूली करने निर्देशित किया गया है!

कुर्की की कार्रवाई को लेकर गहन समीक्षा निगमायुक्त ने टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायेदारों की कुर्की वारंट की मियाद समाप्त होते ही कुर्की कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं! इस वर्ष बकायेदारों पर निगम ने सख्ती दिखाना प्रारंभ कर दिया है बकायेदारों को कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी टैक्स जमा नहीं करने वालों पर कुर्की की कार्यवाही तय है! ऐसे कई बकायेदारों को सूचीबद्ध किया गया है और जोन के नियुक्त कुर्की अधिकारी वारंट की तामीली करा कर टैक्स वसूली का अभियान छेड़ दिए हैं , बकायेदारों से लगातार संपर्क किया जा रहा है! जिससे कई बकायेदारों ने अपना टैक्स जमा कर दिया है! कुर्की वारंट जारी होने के बाद से कुर्की अधिकारी भी वसूली को लेकर गंभीरता बरत रहे! उल्लेखनीय है कि वर्ष 1999 से लेकर पिछले वित्तीय वर्ष तक के बकायदार शामिल हैं जिन्हें कुर्की वारंट जारी किया गया है! बकाया राशि जमा नहीं करने पर इन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी!

जनसंपर्क अधिकारी